between Rs. 1600 and Rs. 2500 per mensem.

234. [*Transferred to the 29th November, 1985.*)

श्रम मंत्रालय द्वारा नियुक्त किए गए अधिवक्ताओं को दी जाने वाली फीस

235. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : क्या श्रम मंत्री 23 अगस्त, 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2922 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्तों के प्रत्येक कार्यालय में कितने-कितने मामले दायर किए;

(ख) कितने मामलों में अधिवक्ताओं ने कार्यवाही के बीच में ही काम करना बन्द कर दिया ;

(ग) इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या यह सच है कि अधिवक्ता इस प्रकार के मामलों को स्वीकार करने में इसलिए रुचि नहीं लेते क्योंकि उन्हें दी जाने वाली फीस बहुत थोड़ी है ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री टी० अंजैय्या) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और इसे यथा समय राज्य सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

लोगों को विदेशों में भेजने वाली भर्ती एजेंसियों के कार्यकलापों की जांच

236. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : क्या श्रम मंत्री 23 अगस्त, 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2878 के दिये गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन 143 एजेंसियों के नाम और पते क्या हैं जिनके क्रियाकलापों की जांच-पड़ताल चल रही है;

(ख) इनमें से कितनी एजेंसियों के विरुद्ध मुकदमा चलाया गया है :

(ग) इन में से ऐसी एजेंसियों की संख्या कितनी है जिन्हें श्रमिक विदेशों में भेजने के लिए दुबारा लाइसेंस दिए गए हैं; और

(घ) इन्हें फिर से लाइसेंस देने और अन्य एजेंसियों को लाइसेंस न दिए जाने के क्या कारण हैं ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री टी० अन्जैय्या) : (क) सूची संलग्न है । इससे पता चलता है कि 143 एजेंसियों में से 47 एजेंसियां विदेशी कम्पनियां हैं ।

(ख) सूचना पुलिस प्राधिकारियों से एकत्र की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) शून्य ।

(घ) प्रश्न नही उठता ।

विवरण

सूची

पंजीकृत भर्ती एजेन्ट

1. अरब एन्टरप्राइजिज, बम्बई
2. अल्सागर ट्रेवल, बम्बई
3. बजाज ट्रेवल, चण्डीगढ़
4. अल्फा इंटरनेशनल, बम्बई